कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) पंजाब, चण्डीगढ़- 160017

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखा व हकदारी) पंजाब एवं यू.टी. चण्डीगढ़ की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2021-22 की तिमाही बैठक दिनांक 02.12.2021 को सायं 3:00 बजे श्री होवैदा अब्बास, प्रधान महालेखाकार के सभापतित्व में संपन्न हुई। इस बैठक में 30.09.2021 को समाप्त हुई तिमाही की प्रगति रिपोर्ट पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे:-

क्रमांक	नाम व पदनाम सर्व श्री / श्रीमती	अभ्युक्ति
1.	आकाश गोयल, वरिष्ठ उप महालेखाकार	सदस्य
2.	सरवन लाल कटोच, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
3.	मुखत्यार सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
4.	राजबाला, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
5.	सीमा गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
6.	मधुबाला सैनी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
7.	रविन्द्र सिंह लम्बा,	सदस्य
8.	राजीव भगत, सहायक लेखा अधिकारी	सदस्य
9.	सुमित कुमार, सहायक लेखा अधिकारी	सदस्य
10.	गणेश प्रसाद, सहायक लेखा अधिकारी	सदस्य
11.	राजीव कुमार बंसल, पर्यवेक्षक	सदस्य
12.	एकता, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक	सदस्य
13.	अंकित कुमार, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक	सदस्य

1. **गत बैठक के कार्यवृत्तों का पुनर्निरीक्षण और पुष्टिः-**

   बैठक में गत बैठक के कार्यवृत्तों का पुनर्निरीक्षण कर उनकी पुष्टि कर दी गई।

2. **30-09-2021 को समाप्त हुई तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर विचार-विमर्शः-**

   30-09-2021 को समाप्त हुई तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर विचार- विमर्श हुआ। 'क' और 'ख' क्षेत्रों के लिये हिन्दी पत्राचार के 90 प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य के सामने इस कार्यालय से 'क' तथा 'ख' क्षेत्र के साथ पत्राचार क्रमशः 92.28 तथा 91.97 प्रतिशत रहा जिस पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष व्यक्त किया।

3. **हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के कार्यालय/गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशों का कार्यान्वयनः**

   बैठक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय/गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त आदेशों और निर्देशों के विषय में

सभापति महोदय को इस तथ्य से अवगत कराया कि सभी संबंधित आदेशों और निर्देशों पर यथानुसार कार्रवाई कर दी गई और उन्होंने इस संबंध में संतोष व्यक्त किया।

4. **अंकुर पत्रिका के संबंध में:**
प्रधान महालेखाकार महोदय ने आदेश दिया कि अंकुर पत्रिका का 118–121 वां अंक जल्द से जल्द प्रकाशित किया जाए। प्रधान महालेखाकार महोदय को बताया गया कि इस अंक को प्रकाशन हेतु सी.आर.टी. में भेजा जा चुका है।

5. **अनुभागों का हिंदी निरीक्षण**
प्रधान महालेखाकार महोदय ने आदेश दिया कि हिंदी निरीक्षण के दौरान तिमाही रिपोर्टो के आंकडों का भी निरीक्षण किया जाए।

सभापति महोदय के प्रति धन्यवाद-प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

21/12/21

उप महालेखाकार(प्रशासन)

क्रः- हिं.क./रा.का.स./21-22/283 दिनांकः- 21/12/21

प्रतिलिपिः-

1. सूचना प्रोद्योगिकी सहायता कक्षः- इस अनुरोध के साथ कि इन कार्यवृत्तों को सभी सदस्यों के सूचनार्थ/अनुपालन हेतु कार्यालय की वैबसाइट पर 'हिंदी कॉर्नर' में अपलोड करने की व्यवस्था करें।

2. सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली), त्रिकूट-2 तृतीय तल, भिकाजी कामा प्लेस, आर के पुरम, नयी दिल्ली -110066 को सूचनार्थ

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी)